पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)
———

बजट राज्य के सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक विकास का बजट

——

बजट आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने वाला

——

बजट में चिकित्सा शिक्षा व स्वास्थ्य पर बल

——

महिलाओं, युवाओं, किसानों तथा समाज के हर वर्गों के हितों की पूर्ति करने वाला बजट

– श्रीमती आनंदीबेन पटेल

———

लखनऊः 22 फरवरी, 2023

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज उत्तर प्रदेश विधान मण्डल में प्रस्तुत वर्ष 2023–24 के बजट की सराहना करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश का बजट राज्य के सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक विकास का बजट है। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि उत्तर प्रदेश देश की सर्वाधिक जनसंख्या वाला प्रदेश है। यह प्रदेश न केवल भारत का सबसे बड़ा उपभोक्ता एवं श्रम बाजार है बल्कि गंगा के उपजाऊ मैदानों के किनारे प्रदेश में प्रचुर प्राकृतिक संसाधन विद्यमान है। इस बजट से उत्तर प्रदेश का समग्र विकास होगा। उन्होंने कहा कि इस बजट में प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरूप महिलाओं, युवाओं, किसानों तथा समाज के हर वर्ग के हितों की पूर्ति करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि बजट में अन्न आपूर्ति योजना, उज्ज्वला योजना, उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मी बाई महिला एवं बाल सम्मान कोष, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्वास्थ्य बीमा, बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ जैसी योजनाओं के माध्यम से महिला सशक्तीकरण पर विशेष बल दिया गया है। इसके साथ ही प्रदेश की प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक गुणात्मक सुधार के लिए अनेक कल्याणकारी योजानाओं की शुरूआत की गयी है, जिससे प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ होगी।

राज्यपाल जी ने कहा कि प्रदेश सरकार की चिकित्सा व्यवस्था को चुस्त–दुरूस्त करने के लिए 'एक जनपद एक मेडिकल कालेज' के अन्तर्गत प्रत्येक जिले में मेडिकल कालेज की

स्थापना सराहनीय है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट अवस्थापना विकास, जन स्वास्थ्य, कृषि, स्वच्छता, सुरक्षा, स्वदेशी को बढ़ावा, कार्यक्रमों को गति देने वाला तथा सभी वर्गों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराते हुए आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने वाला है।

——————————

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन